# समाहरणालय, पटना।

(खनन शाखा)

| | |
|---|---|
| पत्रांक____________/खनन, पटना। | फोन नं० :– 0612–2219545(O),2219097(R) |
| | फैक्स नं०:– 0612 - 2218900 (Fax) |
| दिनांकः / / 2025 | ई–मेल :– dm-patna.bih@nic.in |

प्रेषक,

समाहर्त्ता,
पटना।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, बिहार, पटना।

विषयः– आगामी पाँच वर्ष के लिए पटना जिलान्तर्गत अवस्थित गंगा नदी, पुनपुन नदी एवं दरधा नदी के बालूघाटों/बालूखण्डों की ई–नीलामी प्रक्रिया द्वारा बन्दोबस्ती हेतु सूचना का प्रकाशन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक के संबंध में कहना है कि बिहार बालू खनन नीति, 2019 (यथा समय समय पर संशोधित) तथा बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) नियमावली, 2019 (यथा समय समय पर संशोधित) में उल्लेखित प्रावधानों के तहत पटना जिलान्तर्गत SEIAA, Bihar द्वारा अनुमोदित जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन (संशोधित) में विखंडित गंगा के बालूघाटों तथा बन्दोबस्ती हेतु पुनपुन नदी एवं दरधा नदी के शेष बचे बालूघाटों/संशोधित कलस्टरों की बन्दोबस्ती हेतु प्रकाशित विज्ञापन के फलस्वरूप सम्पन्न ई–नीलामी में एकल/शून्य निविदा प्राप्त तथा रद्द किए गए बालूघाटों की आगामी पाँच वर्षों के लिए अल्पकालीन निविदा का प्रकाशन कराया जाना है। बन्दोबस्ती से संबंधित सूचना की प्रति एवं सी0डी0 संलग्न करते हुए सूचना प्रकाशित करने हेतु इस पत्र के साथ संलग्न है।

अतः इस पत्र के साथ बन्दोबस्ती से संबंधित सूचना की प्रति एवं सी0डी0 संलग्न करते हुए अनुरोध है कि इसे कम से कम दो स्थानीय एवं राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र तथा एक अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र में अविलंब प्रकाशित कराने की कृपा की जाय।

**अनु0ः–यथोक्त।**

विश्वासभाजन

ह0/–
समाहर्त्ता,
पटना।

ज्ञापांक 1988 /एम0, पटना, दिनांक 30/8/25

प्रतिलिपिः– ई–टेंडरिंग/ई–प्रोक्योरमेंट हेल्पडेस्क, mjunction services limited RJ Complex, 2nd Floor, Canara Bank Campus, Khajpura, Ashiana Road, PS- Shastri Nagar, Patna- 800014 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :–जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी/आई०टी० मैनेजर, जिला सूचना विज्ञान केन्द्र, पटना को सूचनार्थ एवं जिला प्रशासन के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– आई0टी0 मैनेजर, खान एवं भूतत्व विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :–जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, पटना को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– कार्यालय आदेश ज्ञापांक–2482/खनन, पटना, दिनांक–28.09.2022 द्वारा तकनीकी निविदा की जाँच हेतु गठित निविदा समिति को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– निदेशक, खान एवं भूतत्व विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

समाहर्त्ता,
पटना।

DM ltr 144, 2025